सेंट मोन्टफोर्ट स्कूट में कक्षा बारहवीं का विदाई–समारोह

एक और वर्ष और एक और अंत । यह अवसर था कक्षा बारहवीं के छात्रों की विदाई का । इस अवसर पर सेंट मोन्टफोर्ट के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी । ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों में उत्साह की लहर थी।

इस समय परिसर में खुशी और गम का वातावरण छाया था। बारहवीं के छात्र –छात्राओं के लिए यह दिन **"आशीर्वाद"** दिवस के रूप में मनाया गया। "**डिबाईना बेनेफिशिया**" विषय पर छात्रों ने मनमोहक गीत ,नृत्य और हास्य नाटक की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ विद्यालय प्राचार्य ने बारहवीं के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर छात्रों के अभिभावक उपस्थित थे। छात्रों ने अपने प्राचार्य , शिक्षकों एवं अभिभावकों से आशीर्वाद लिया। घनश्याम यादव को पंक्च्युल विद्यार्थी चुना गया, ऋषभ पचोरिया को अनुशासित विद्यार्थी चुना गया, स्टुडेन्ट ऑफ द ईयर के लिए शैली सिंह चयनित हुई, मिस्टर मोन्टफोर्ट रितिक दास और मिस. मोन्टफोर्ट सौम्या अग्रवाल बनीं।

इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर एलेक्स, उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज, हेड मिस्ट्रेस सिस्टर कृपा, कॉर्डिनेटर्स और शिक्षकगण उपस्थित थे।